
# बी.डी.एम. इंटरनेशनल में ब्रह्माण्ड संबंधी रोचक संवाद सत्र

■ छपते छपते समाचार सेवा

कोलकाता, 13 जून। बी.डी.एम. इंटरमेशनल स्कूल में कल 'जिज्ञासा से ब्रह्मांड तक' नामक एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर इसरो (ढ्ढस्क्रह्र) के पूर्व अध्यक्ष डॉ. ए. एस. किरण कुमार(पदमश्री) मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि का स्वागत सी.ई.ओ. एस. एल. गुप्ता और प्रधानाचार्या महोदया मधुमिता सेन गुप्ता ने किया।

कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय की एयरोस्पेस प्रयोगशाला के भ्रमण से हुई। इसके पश्चात जेमस्टोन ऑडिटोरियम में कक्षा 12 विज्ञान के विद्यार्थियों के साथ एक रोचक एवं प्रेरणादायक संवाद सत्र आयोजित किया गया। अपने व्यापक अनुभवों को साझा करते हुए डॉ. किरण कुमार ने भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम, अंतरिक्ष अन्वेषण, नवीन तकनीकी उपलब्धियों तथा राष्ट्र निर्माण में वैज्ञानिक अनुसंधान की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला।




विद्यार्थियों को देश के अग्रणी वैज्ञानिकों में से एक से सीधे संवाद करने तथा अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में उपलब्ध संभावनाओं को समझने का दुर्लभ अवसर प्राप्त हुआ। कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने अनेक प्रश्न पूछे, जिनका डॉ. किरण कुमार ने सरल एवं प्रेरक ढंग से उत्तर दिया।